I have been told that even the Chairman of the Central Warehousing Corporation is not appointed. The FCI Chairman is its acting Chairman. In the same way, the post of Managing Director is vacant, the post of Director (Personnel) is vacant and the post of Director (Technical) is vacant. Every important post is lying vacant. The third and fourth level officers are appointed as acting officers in those posts. In this situation, I would like to draw the attention of the hon. Minister to a letter by Shri J.V. Bendre, Personnel Manager to the Commissioner (Temples)-cum-Deputy Commissioner, Kangra District. This letter is dated 10th July, 2001. I have been told that this is the constituency of the hon. Minister. This letter conveys that Rs.15 lakhs is given, by way of a cheque, from the funds of the Central Warehousing Corporation for a project relating to the construction of *Sulab Suvidha Kendra* at Chamundi Devi Temple. An amount of Rs.34.55 lakhs is promised to be paid. If it is true, then why don't they give some money to my constituency which is poor and backward? There are many people suffering there due to blindness. There are handicapped persons and mentally-retarded persons. We can utilise Rs.34.55 lakhs for the welfare of poor people. How and under what authority has the Central Warehousing Corporation given this money? This is not the only case. I have got a bunch of complaints. There are about Rs.14 crore which have been wasted in the State Warehousing Corporations and the Central Warehousing Corporation. A lot of complaints have been made, but no complaint has been looked into and no criminal action has been taken against the Regional Managers. The Regional Manager who has been complained of, who has misappropriated Rs.14 crore, has been

promoted to a better place to get more money. If this is the situation, how can the Bill give more powers to the State Warehousing Corporations? It says that the Board of Directors shall consist of five members from the Central Warehousing Corporation and five members from the State Warehousing Corporations. They can be removed even without the permission or without the previous approval of the Central Warehousing Corporation. If such is the case, then how will there be good management? The new wording given here is "under intimation to". You can remove them and intimate it to the Board of the Central Warehousing Corporation.

16.10 hrs. (Dr. Laxminarayan Pandeya *in the Chair*)

If the Board itself work like this, when there are so many complaints at the Central level, how will the State Warehousing Corporation function? The same kind of amendment will be applicable for the removal of Directors also. Earlier, for acquiring and building godowns, previous approval was needed. But now it has been removed. All that they have to do is just to give an intimation. The words `with the previous approval' have been replaced by the words `under intimation to'. This delegation of power or relinquishing of power is too much, especially when the Corporation's management is not effective. I feel that this kind of bringing in amendments on *ad hoc* basis to give more powers to the State Corporations which are already swallowing money, will not serve any purpose. If you give them more powers, then there will not be any warehouses, there will be only buildings. I have got with me many complaints and allegations against the Corporations. I will just read only one portion of them. In one of the allegations, it is said:

> "It was detected by them that the original imported stocks worth Rs. 14 crore was replaced by obsolete materials in these pockets/cartons/crates, pertain to about 17 bonds. "

When they are replacing the entire material by obsolete materials, how can they run well? Powers are given for the appointment of officers. What is the purpose of having officers, when they are not disciplined and when they are not controlled properly by regulations? Will not the poor people, who are dependent on these warehouses, who think that their materials would be kept safe and that they can use them at proper time suffer? I would request the hon. Minister to have a second thought about it. I would also request the Minister that there should be strict supervision.

I hope the hon. Minister will also promise that funds will be provided to our constituencies, just like an amount of Rs. 34.55 lakh was provided for the Minister's constituency.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : सभापति महोदय, सैण्ट्रल वेयरहाउसिंग कारपोरेशन, 1962 में चार तरह के संशोधन लाने का सरकार ने प्रस्ताव किया है। चारों संशोधनों में से ये दो संशोधनों में वेयरहाउसिंग को सशक्त बना रहे हैं। तीसरे संशोधन से राज्य सरकार को सशक्त बना रहे हैं और चौथे संशोधन से स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन को सशक्त बना रहे हैं। संशोधन नम्बर एक में इनका कहना है कि भारत के अलावा विदेश में भी अब हम भण्डारीकरण करेंगे और गोदाम बनाएंगे। श्री शंकर प्रसाद जायसवाल जी चले गये, अन्य दिन वे भगवा गमछा लेकर आते थे, लेकिन आज ऐसे ही आये थे। वे बता रहे थे कि बड़ा भारी काम हो रहा है और बहुत धन्यवाद दे रहे थे।

हिन्दुस्तान के किसानों की क्या समस्याएं हैं, अनाज का भंडार या कृषि से उत्पादित जो सामान है, उसको रखने में किसानों का क्या संकट है, वह किसान ही जानता है, उसको व्यापारी लोग क्या जानेंगे। 'जाके पैर ना फटी बिवाई, सो क्या जाने पीड़ पराई।' लगता है कि इससे देश में स्टोरेज की समस्या का समाधान हो गया। अब विदेशों में स्टोरेज करने के लिए ये कानून बना रहे हैं और कह रहे हैं कि विदेश में जब यहां का किसान सामान भेजता है तो उसका रखरखाव करना है। अब किसान के लिए क्या-क्या धोखाधड़ी हो रही है, देखिये -

जैसे किसान अनाज पैदा करता है और उसे एफ.सी.आई. प्रोक्योर करती है। एफ.सी.आई. की हालत क्या है, यह सभी को मालूम है। वहां अनाज रखने की जगह नहीं है। बाहर अनाज रख दिया जाए तो ज्यादा बर्बादी होती है और भीतर भी उसके रखरखाव की व्यवस्था नहीं है। रिपोर्ट देखने से पता चलता है कि 185 करोड़ रुपए का अनाज जानवरों के खाने लायक भी नहीं रहा। अब वह समुद्र में फेंका जाए या कहां फेंका जाए, यह सरकार के लिए एक समस्या बनी हुई है। सेंट्रल वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन बना था कि एफ.सी.आई. जहां सक्षम न हो, वहां यह पहुंचे। कृषि से उत्पादित सामान का रखरखाव उसमें हो और फिर यह प्रावधान किया गया कि अन्य सामान भी उसमें रखा जा सके। सरकार कहती है कि उसमें कोल्ड स्टोरेज खोलने की क्षमता नहीं है इसलिए उसका निजीकरण करेंगे। इसके लिए किसानों को ऋण भी दिए जाएंगे। लेकिन समस्या जटिल हो रही है, उसका समाधान नहीं हो रहा है।

हिन्दुस्तान में किसी-किसी साल दो करोड़ चालीस लाख टन आलू पैदा हो जाता है। ये कहते हैं कि कम से कम पचास फीसदी का कोल्ड स्टोरेज होना चाहिए, नहीं तो किसान तबाह हो सकता है और आलू बर्बाद हो सकता है। देश में आलू, प्याज और अन्य फल-सब्जियां रखरखाव के बिना तकरीबन 20 प्रतिशत बर्बाद हो जाती हैं। यह सरकार किसानोन्मुखी नहीं, बल्कि व्यापारोन्मुखी है। सी.डब्ल्यू.सी. में उचित रखरखाव की व्यवस्था नहीं की गई है। कैसे निगम में आमद हो, इनको लगता है कि विदेश में गोदाम खोलने से ज्यादा आमद होगी, इस बात की इन्हें चिंता है। लेकिन हिन्दुस्तान के किसानों की समस्या जो भंडारण की है, उसका कुछ नहीं कर रहे हैं। उसके लिए कोल्ड स्टोरेज नहीं बनाए जाते। आज किसान त्राहि-त्राहि कर रहा है। जब काफी हंगामा इसको लेकर हुआ तो सरकार ने एक कमेटी बना दी कि कैसे कोल्ड स्टोरेज में किसान के उत्पादित माल को रखने के लिए उपबंध किया जाए। कमेटी ने रिपोर्ट दी कि 25 प्रतिशत सब्सिडी दी जाए और किसान खुद कोल्ड स्टोरेज खोलने का प्रबंध करें। अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर थोपी जा रही है। कोल्ड स्टोरेज के बिना देश में हर साल किसानों को बहुत नुकसान होता है। जहां-जहां भी आलू, प्याज, फल और सब्जियों का उत्पादन होता है, उसके रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं है।

ये विदेशों की बात करते हैं कि वहां खोलेंगे। उसके बाद कहते हैं कि स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन हैं, उनमें सेंट्रल वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के अधिकारी नियुक्त करेंगे। यह भी अधिकार चाहते हैं कि राज्य सरकार को कुछ और अधिकार दिये जाएं, जैसे पहले सेंट्रल वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन से एप्रूवल लेनी होती थी, अब केवल सूचना देना ही पर्याप्त होगा।

उसी तरह से स्टेट वेयरहाउसिंग कौरपोरेशन को भी पहले से सैन्ट्रल वेयरहाउसिंग कौरपोरेशन से एप्रूवल लेकर करना था और उसमें कुछ छूट दे रहे हैं। स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन को भी उनसे एप्रूवल लेने की आवश्यकता नहीं होगी, केवल सूचना देने की आवश्यकता होगी।â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय : अब आप समाप्त करिए।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : इसीलिए हमें लगता है कि कुएं में भांग घोली गई। जब सरकार और सब लोग भी उसी का समर्थन करते हैं और बधाई देते हैं और किसान का संकट और देश की समस्या का समाधान करने वाला कोई नहीं है कि क्या संकट है और उसके लिए क्या समाधान होना चाहिए तो हमें बहुत दुख लगता है। यह प्रस्ताव हुआ था कि आलू के रखने के लिए सैन्ट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन कोल्ड स्टोरेज खोलेगा लेकिन अभी तक नहीं खोले गये। अब क्यों नहीं खोले गये? कोल्ड स्टोरेज के अभाव में आलू सड़ रहा है या पुराने कोल्ड स्टोरेज बंद हो जाते हैं तो सरकार को इस बारे में प्रबन्ध करना चाहिए और सीडब्ल्यूसी सरकारी संस्थान है, उसके बारे में भी प्रबन्ध करना चाहिए। जहां-जहां अनाज रखने का प्रबन्ध नहीं है, वहां कोल्ड स्टोरेज सरकार को खोलने चाहिए। अपने देश की समस्या का समाधान पहले करना चाहिए तब विदेश में जाइए। अपने देश की भंडारण की समस्या का समाधान किये बिना विदेश में खोलने के लिए कानून बना रहे हैं, वाहवाही लूट रहे हैं। जब आप विदेश में खोलेंगे तो इस देश में उत्पादित सामान का क्या होगा और विदेश में किसान उत्पादित सामान कैसे जाएगा? â€¦ (व्यवधान) इतनी मेहनत करने के बाद किसान सामान उगाता है और अपनी पूंजी लगाता है और उस अनाज के भंडारण का कोई उपाय नहीं है और सरकार व्यापारिक दृटिकोण से िवदेश में खोलेगी तो उसको लाभ होगा और यहां खोलने से घाटा होगा, यह बेतुकी बात लगती है। किसानों की समस्या के प्रति सरकार सचेत क्यों नहीं है?

मैं माननीय सदस्यों से कहना चाहता हूं कि जब सरकार गिरने लगे या अल्पमत में होने लगे तब आप बचाने की कोशिश करिए क्योंकि आप उस पार्टी के लोग हैं लेकिन किसानों की असली समस्या तो उठाने दीजिए। वोट डालने के वक्त उधर वोट डाल दीजिए।â€¦ (व्यवधान) लेकिन किसान दुर्दशा में हैं और तबाही में है और उन्होंने कहा कि एक करोड़ दस लाख टन अनाज का उत्पादन पिछले साल से घट गया। हम जानना चाहते हैं कि क्यों घट गया? यहां अनाज रखने की जगह नहीं है, इसलिए प्रोक्योरमेंट ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। किसानों को उनके उत्पादन का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है, इस कारण किसान निरुत्साहित हो रहा है। यदि किसानों को उनकी उपज का उचित समर्थन् मूल्य नहीं मिलेगा और रख-रखाव ठीक से नहीं होगा तो उसकी बर्बादी होगी, उसे घाटा होगा। इसीलिए हम कहना चाहते हैं कि :

'अब लौं नसानी, अब ना नसैहों।' अभी तक तो जो प्रबन्ध हुआ, सो हो गया, लेकिन आगे किसानों की समस्या का समाधान हो और उनके द्वारा उत्पादित सामान के रख-रखाव का प्रबन्ध सरकार करे और जब अपने देश की समस्या का हल हो जाये तो विदेश जाये और वहां जाकर अपना कारोबार बढ़ाये तो हमें कोई एतराज नहीं है। लेकिन यहां की समस्या का समाधान किये बिना विदेश में सब्जबाग दिखा रहे हैं कि हम विदेश में भी कानून बना रहे हैं कि भंडारण के उपाय करने जा रहे हैं तो मुझे यह बेतुकी बात लगती है। यह किसानोन्मुखी बात नहीं लगती, यह व्यापारोन्मुखी बात लगती है। इसीलिए सरकार को पहले किसान द्वारा उत्पादित अनाज के भंडारण की समस्या का हल करना चाहिए और सरकार बताए कि वह क्या करने जा रही है तब हम सहयोग करेंगे नहीं तो हम हर स्तर पर विरोध करेंगे।

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Mr. Chairman, Sir, I agree with the intentions of this amending Bill. But when we go through the Bill, we will have to bear in mind certain important aspects of the Bill. Our aim is to make the Bill more flexible and also more beneficial to the farmers or, in other words, we are making an attempt to take the benefits of liberalisation to the small farmers. The benefits of liberalisation and globalisation are not reaching the poor people of India. We have the experience of the functioning of the depots of the Food Corporation of India. That is a glaring example. The depots of the Food Corporation of India are located throughout India, foodgrains are stored there in abundance, but what is the real situation in the country today?

16.26 hrs (Mr. Speaker *in the Chair*)

Sir, people have gone to the Supreme Court and filed a Public Interest Litigation stating that starvation deaths are taking place in some of the States in India. The Supreme Court heard the matter elaborately and they gave a direction to the Central Government to see that the Public Distribution System is strengthened in those States where starvation deaths have taken place.

So, in a land of plenty, we have the bitter lesson of poverty and starvation. Everyday, when we open our television set, we see that people are dying due to starvation in many States. At the same time, we have plenty of foodgrains in our godowns, but they are being wasted. Even foreign countries are reluctant to take our foodgrains. When our foodgrains were exported to Iraq, they refused to take them because they were substandard in quality. That was our bitter experience. So, when we amend this Bill, we should keep all these things in mind. Now, the territorial jurisdiction of the Warehousing Corporation is being extended through this Bill. Previously, it was having its jurisdiction only within India. Now, it will have international jurisdiction. It can even enter into a Memorandum of Understanding with foreign companies as well and they are also empowered to enter into a Memorandum of Understanding with subsidiary companies, which are registered under a State statute or a Central statute. So, ample powers are being given to the Warehousing Corporation to enter into business transaction with anybody. The only condition is that it must be done under intimation to the Central Government. Previously, prior sanction of the Central Government was essential. Now, prior sanction is not required, but only under intimation to the Central Government, the Corporation is empowered to enter into business transaction or a Memorandum of Understanding with even subsidiary companies.

So, what will be the poor farmer's condition now? In India, the most important problem being faced by our farmers is rotting of perishable food articles. When we have mango season, more than 50 per cent of mangoes get rotten due to non-availability of proper storage facilities and similar is the case with oranges and apples. So, if we could

prevent this catastrophe, definitely it will result in huge profits to the poor farmers who are producing these perishable items.

Sir, when we think of extending the jurisdiction of the Warehousing Corporation, we should bear in mind that there are lakhs of poor farmers in India, who want direct help from the Warehousing Corporation. I think, the hon. Minister is dealing with both the Food Corporation of India as well as the Warehousing Corporation. We have the bitter experience of the Food Corporation of India before us. I would request the Minister to see that the same mistake is not repeated in the functioning of the Warehousing Corporation. So, I think, as an abundant caution, the Government will take all the preventive steps required to help the farmers in storing the perishable goods that they produce.

That will be a boon to him. So, when you think of extending the jurisdiction of the Warehousing Corporation of India, I request the hon. Minister to always keep in mind the difficulties faced by lakhs of poor farmers throughout the country. With these words, I conclude.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : अध्यक्ष महोदय, यह बिल बहुत छोटा है, लेकिन इस पर जो बहस हो रही है उसमें पूरी दुनिया की चीजें चली आई हैं। माफ करेंगे यह बिल पटरी के बाहर चला गया है। अद्भुत बहस इस पर हो गई है। हमने ऐसी बहस पहले नहीं देखी। इसमें यह है कि वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन अमेंडमेंट बिल सन् 2001 के अधिनियम में बदल जाने के बाद सीडब्ल्यूसी अपने वेयर हाउसेस को विदेशों में भी बना सके, चूंकि अभी वेयर हाउसेस खोलने की विदेशों में परमीशन नहीं है। सरकार चाहती है कि हमें परमीशन मिल जाए ताकि विदेशों में भी हम सीडब्ल्यूसी के वेयर हाउसेस खोल सकें। इसमें पूरी दुनिया भर की एफसीआई पर बहस हो गई है। रघुबंश बाबू शुरू में पटरी पर थे, लेकिन बाद में इनका भााण पोलिटिकल हो गया।â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, इसमें यह है कि विदेशों में भी वेयर हाउसेस को खोले जाएं, इसके लिए सरकार परमीशन चाहती है। इस संबंध में मेरा कहना है कि जो आर्थिक उदारीकरण की नीति है, अभी इसमें सीडब्ल्यूसी का वेयर हाउसेस बिज़नेस पर एकाधिकार समाप्त हो गया है। यह 1996-97 में करीब 84 करोड़ रुपए प्रोफिट दे रही थी, जो 1998-99 में घट कर 41.50 करोड़ रुपए हो गया और सन् 2000-2001 में थोड़ा सा बढ़ा है। मतलब जो घट गया था, साढ़े 41 करोड़ रुपए हो गया था वह 2001 में थोड़ा सा बढ़ कर 58 करोड़ रुपए हो गया। इस बिज़नेस में सीडब्ल्यूसी को, अन्य अंडरटैकिंग्स और जितने प्राईवेट आर्गनाइजेशंस हैं उनसे काफी कम्पीटिशन करना पड़ रहा है। जब सीडब्ल्यूसी देश में बड़ी मुश्किल से कंपीट कर पा रही है तो मेरी राय में क्या विदेशों में कम्पीट कर पाएगी, यह अंडर क्वैश्चन है, अंडर ब्रेकिट है। इसलिए इसे हम यहीं छोड़ देते हैं।

महोदय, जब यह बिल आया है तो हम मंत्री जी से जानना चाहते हैं कि किन-किन जगहों को विदेशों में आइडेंटिफाई किया गया है, जहां सीडब्ल्यूसी वेयर हाउसेस खोलना लाभकारी हो सकता है, क्या इसका कोई आइडेंटीफिकेशन हुआ है। सरकार ने कोई ऐसा एनेलैसिस या असेस्मेंट किया है। क्या सीडब्ल्यूसी द्वारा विदेशों में वेयर हाउसेस खोलने का सही समय, उपयुक्त समय है, क्योंकि सीडब्ल्यूसी में हायर लेवल पर पिछले दिनों काफी इर्रेगुलेरिटी हुई है। 1996-97 से पहले भी हुई थीं। उन इर्रेगुरेरिटीज़ के कारण वहां जो एमडी थे, प्रबंध निदेशक और प्रबंधक थे, उनके खिलाफ सीबीआई का इनवेस्टीगेशन चल रहा है। जो फाइनेंशियल इर्रेगुलेरिटीज़ हुई हैं, वे अभी चल रही है। कई तरह की ऐसी घटनाएं हैं। इसलिए हम इसे यहीं छोड़ रहे हैं।

हम इस बिल में केवल इतना ही कहना चाहते हैं कि परमिशन दी जाए, लेकिन एक आशंका है कि जब यह बिल अधिनियमित, पारित हो जाएगा तो उसके पश्चात् सीडब्ल्यूसी, जो लाभकारी निगम है, यह घाटे वाला न बन जाए। इसी आशंका के समाधान के लिए हमने इस बिल के संबंध में जिक्र किया है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : अध्यक्ष जी, माननीय शांता कुमार भाण्डागारण निगम (संशोधन) विधेयक जो लाए हैं, मैं अपनी ओर से और अपनी पार्टी शिवसेना की ओर से उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह संशोधन विधेयक छोटा है और इसके द्वारा सरकार विदेशों में गोदाम बनाकर अपना व्यापार बढ़ाना चाहती है। भारत सरकार विदेशों में भंडारण की व्यवस्था करे, व्यापार करे, यह हमारे लिए गर्व की बात है। लेकिन यह व्यापार घाटे का न हो, इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्मय से मंत्री महोदय से एक प्रार्थना करना चाहता हूं कि आप विदेशों में भंडारण कीजिए, व्यापार कीजिए लेकिन पहले अपने यहां भी तो भंडारण का सोचिये। यह विाय से हटकर बात है लेकिन मैं एक छोटे से क्षेत्र से आता हूं और इसीलिए मंत्री महोदय से विनती करना चाहता हूं कि जिलास्तर पर कम से कम एक वेयर-हाउस कोरपोरेशन का गोदाम होना चाहिए, उसकी यह नीति होनी चाहिए कि हर जिले में एक उसका गोदाम हो - यह मेरा सुझाव है।

किसान की सब्जियों, फलों, गेहूं, चावल और उसके अनाज को वार्ा और प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए जिलास्तर पर कम से कम एक वेयर-हाउस का गोदाम बनाने की अपील के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (CALCUTTA NORTH WEST): Sir, while supporting the Bill, I hereby place a few suggestions, observations and a few cautions to the hon. Minister.

I still remember that the Chairman of Standing Committee on Food, Shri Devendra Prasad Yadav, held a Press Conference after submitting the report stating that the production in the country was huge. But for lack of infrastructure, we recommended that these food products thrown into the ocean. In a country like India where poor people are fighting for their survival, and deaths are occurring due to starvation, we have to do this. But still we have become worried, when a report is submitted, on the floor of the Parliament that due to lack of infrastructural set up, due to lack of required number of cold storages, due to lack of infrastructure for warehouses, we have to face such types of problems.

There was also a proposal from the Government of Iraq to sell oil to us in exchange of foodgrains. This is in an opportunity when we can possibly inquire from the Government of India or from the hon. Minister whether such types of proposals, which are very much at the negotiating stage, between the two countries are being considered or not.

Sir, I remember that a few years back, in the State of West Bengal, large quantities of potatoes were produced but the farmers had to make distress sale and they had to sell potatoes at the rate of one rupee per kilogram because there was infrastructure and enough number of cold storages were not available. A positive decision is to be adopted by the Government of India and it should announce cold storage as a positive industry. Otherwise, the produce which are being produced by the farmers would be totally destroyed due to lack of infrastructure and for not having succeeded to keep them at the proper shed.

Clause 2(a) of the Bill says: "In clause (a), after the words "in India", the words "or abroad" shall be inserted." We feel that by this we are opening the total market to the outsiders. Where we are lacking in infrastructure, where we are lacking in proper cold storage, where the functioning of the Food Corporation of India is not above question - as Shri Devendra Prasad Yadav has said and I fully share his sentiments and anxieties - is to be positively and categorically clarified.

We always look into it positively that the peasants or the poor farmers are not being compelled to proceed for distress sale of their produce and see how we can protect their produce. Even we have seen in the newspapers that for want of such facilities, they have committed suicide also.

Though this is a very small Bill in nature, which has been introduced here, its area of discussion can take a huge shape. So, Sir, I believe that the Government should be cautious enough and throw a light as to how the interest of the farmers and also the common peasants are protected, and insertion of the words "or abroad" after the words "in India" in clause 2(a) would not hamper the interests of the country anymore. Otherwise, I support this Bill.

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री शांता कुमार) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं चर्चा में भाग लेने वाले तमाम सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद करता हूं। इस अमैंडमैंट में मुख्य रूप से चार बातें हैं - पहली बात यह कि वेयर हाउसिंग कारपोरेशन आज की स्थिति में, विदेश में कहीं पर अपना काम नहीं कर सकता। दुनिया बदल गई, दुनिया बदल रही है, दुनिया गांव बन गई। अब सब प्रकार के रेस्टिक्शन्स हट गए। दुनिया भर की कम्पनियां प्राइवेट सैक्टर और पब्लिक सैक्टर भारत में आ रहे हैं। हम जहां जा सकते हैं क्यों न जाएं और जहां कर सकते हैं, क्यों न करें? सिद्धांत रूप में हमारे देश के लोगों को भी चाहे वह निजी क्षेत्र हो या पब्लिक सैक्टर हो, उसे विदेशों में जाना होगा, कम्पीट करना होगा। आने वाला युग कूपमंडूप बन कर रहने का नहीं, आने वाला युग खुली प्रतियोगिता में शामिल होने का है। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने वेयर हाउसिंग कारपोरेशन से कहा कि वह पनामा और ब्राजील में अपने वेयर हाउस बनाए। नेपाल ने ग्लोबल बीड की थी। हमने पार्टिसिपेट किया। उसमें हम शॉर्ट लिस्ट हुए हैं। सम्भावना बढ़ रही है कि विदेशों में हम अपना काम बढ़ाएं। उस दृटि से हम यह संशोधन चाहते हैं कि इस कारपोरेशन को विदेशों में भी अपना काम करने का अधिकार मिले।

अध्यक्ष महोदय, दूसरे, आज कारपोरेशन जाइंट वैंचर में नहीं जा सकता है। अब सब कुछ बदल रहा है। माननीय सदस्यों को मालूम होगा कि भारत सरकार ने एक नेशनल स्टोरेज पालिसी बनाई है जिसमें प्राइवेट और पब्लिक सैक्टर आयेगा। जैसा कि सदस्यों ने चिन्ता प्रकट की है, हम स्टोरेज की 30 लाख टन की नई कैपेसिटी बनाना चाहते हैं। इसलिये कारपोरेशन को यह अधिकार दिया जा रहा है कि जाइंट वैंचर में जाकर इस प्रकार की नई कैपेसिटी क्रिएट करने की कोशिश करे।

तीसरा, प्रदेशों के अंदर जितने वेयरहाउसिंग कारपोरेशन्स बने हुये हैं, उनमें 50 प्रतिशत धन केन्द्र सरकार का है और 50 प्रतिशत सदस्य केन्द्र द्वारा नामिनेट किये जाते हैं लेकिन सैंट्रल वेयरहाउसिंग कारपोरेशन्स को सदस्य नामिनेट करने की मनाही है लेकिन इस विधेयक में संशोधन के द्वारा उसे दूर कर रहे हैं। जब 50 प्रतिशत इंटरैस्ट वहां का है तो उनके अधिकारियों को नामिनेशन का अधिकार होना चाहिये।

चौथा, राज्य के जितने निगम हैं, उन पर यह बाध्यता है कि यदि सैक्शन 22, 24 के अंतर्गत अपने चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर को नियुक्त करेंगे तो केन्द्र से उसकी पूर्व परमिशन लेनी होगी, उसे हम इस संशोधन के द्वारा समाप्त कर रहे हैं। डी-सैंट्रलाइजेशन ऑटोनोमी देने के लिये उन्हें केवल सूचना दें।

अध्यक्ष महोदय, श्री राधाकृणन् जी ने एक मामला यह उठाया कि सुप्रीम कोर्ट के अंदर मामला है जिसमें उसने केन्द्र सरकार को यह निर्देश दिया है कि वे बहुत जल्दी ही राज्यों में राशन की दुकानें खोलें। मैं सदन को बताना चाहूंगा कि इस प्रकार का कोई निर्देश भारत सरकार को नहीं दिया गया है।

अध्यक्ष महोदय, यहां इस बात का उल्लेख किया गया कि अनाज को समुद्र में फेंका जा रहा है। मैं सदन को बताना चाहूंगा कि इस समय हमारे पास 512 लाख टन अनाज रखने की कैपेसिटी है जबकि हम 616 लाख टन अनाज रख रहे हैं। यह कहा जाना कि सारा अनाज सड़ रहा है, यह बात बिलकुल गलत है। जो गेहूं 2-3 साल पुराना सड़ा हुआ होता है, उसे निकाल दिया जाता है। जहां तक फीड केटेगरी अनाज की बात कही गई है, वह हमने सूखाग्रस्त प्रदेश में बिलकुल मुफ्त देने की बात की है। बहुस सा उठ गया है और बाकी उठाया जा रहा है।

अध्यक्ष महोदय, यहां इस बात को कहा गया कि इसमें लाभ कम हुआ। पहले इसका लाभ 84 करोड़ रुपये था, वह धीरे-धीरे कम हुआ लेकिन इसका मुख्य कारण यह था कि जब उदारीकरण और वैश्वीकरण की बात आई तो इसकी मोनोपोली खत्म करने के लिये उसमें प्राइवेट और पब्लिक सैक्टर आये। इस बीच में एक स्थिति ऐसी आई कि हमारा लाभ कम हुआ और अब यह कारपोरेशन लाभ में आगे बढ़ रहा है। इस वर्ा इसका लाभ 73 करोड़ रुपया होने वाला है। मेरा इतना ही कहना है कि यह मिनी रत्न कारपोरेशन है और बढ़िया काम कर रहा है। इसका यूटिलाइजेशन 90 प्रतिशत के लगभग है।

अध्यक्ष महोदय, हम इन्ही चार बातों को लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं और सदन से निवेदन करूंगा कि इन संशोधनों को पास करने की कृपा करें।

MR. SPEAKER: The question is:

> "That the Bill further to amend the Warehousing Corporations Act, 1962, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration. "

The motion was adopted.

MR. SPEAKER: The House shall now take up clause by clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clauses 2 to 6 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clauses 2 to 6 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and theLong Title were added to the Bill.

श्री शांता कुमार : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

MR. SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.